कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा जुलाई, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

i. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया है:

(क) डॉ. जितेन्द्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन ने 18 जुलाई, 2022 को सभी सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के प्रत्यायन और मूल्यांकन हेतु 'सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय मानक' पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल उत्कृष्टता के सामान्य मानकों को निर्धारित करने, सतत स्व-मूल्यांकन के माध्यम से संगठनात्मक सुधार को बढ़ावा देने, टेम्पलेट्स के साथ सिविल सेवा क्षमता विकास में वृद्धि करने, सर्वोत्तम प्रथाओं और सहयोगात्मक शिक्षा का प्रचार करने के लिए एक मंच को संस्थापित करने और दीर्घकालिक कार्यनीतिक योजना को दिशा देने में भारत सरकार की सहायता करेगा।

(ख) आईएफसी के सहयोग से - शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) स्तर पर क्षमता में वृद्धि करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम ने दिनांक 05 जुलाई, 2022 को भुवनेश्वर नगर निगम के साथ एक शुरूआती बैठक आयोजित की।

(ग) तीन प्रशिक्षण संस्थानों के क्षमता विकास में तालमेल बनाने के लिए 8 जुलाई, 2022 को जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय जल अकादमी (एनडब्ल्यूए पुणे, nwapune.gov.in), पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल एवं भू प्रबंधन संस्थान (नेरीवलम तेजपुर, neriwalm.gov.in) और राजीव गांधी भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आरजीआई रायपुर, ngwtri.org) के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

(घ) 12 जुलाई, 2022 को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभागों के क्षमता विकास के लिए नायांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सिंगापुर के साथ विस्तृत बातचीत की गई।

(ङ) केन्द्रीय गृह सचिव श्री अजय भल्ला ने 13 जुलाई, 2022 को दिल्ली पुलिस विभाग में मिशन कर्मयोगी का शुभारंभ किया, 37,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा और बचाव करते हैं। क्षमता विकास आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर कार्यों के माध्यम से व्यावहारिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जा रही है।

(च) 17 जुलाई, 2022 को आयोजित भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) अधिकारियों के तीसरे वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया और क्षमता विकास, नागरिक केंद्रितता, सूचना और प्रसारण क्षेत्र की चुनौतियों पर काबू पाने और संचार प्रौद्योगिकियों के भविष्य के बारे में चर्चा की गई।

(छ) असम राज्य सरकार द्वारा 'संस्थागत सुधार के माध्यम से परिवर्तनकारी विकास प्रक्रिया' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता असम के मुख्य सचिव ने की और इसमें सभी सचिवों, आयुक्तों और विभाग प्रमुखों ने भाग लिया।

(ज) उभरती प्रौद्योगिकियों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई और भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी (आईएएचई) के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मध्य स्तर के अभियंताओं के प्रशिक्षण के साथ दिनांक 26 जुलाई, 2022 को सड़क और परिवहन मंत्रालय में मिशन कर्मयोगी का शुभारंभ किया गया।

(झ) सदस्य (एचआर), सीबीसी ने राज्य विभागों के क्षमता विकास के संबंध में मुख्य सचिव की उपस्थिति में कर्नाटक सरकार के साथ बैठक की। साथ ही, सदस्य (एचआर), सीबीसी ने मध्य प्रदेश राज्य में क्षमता विकास कार्यों के लिए डीजी नोरोन्हा के साथ चर्चा और विचार-विमर्श किया।

(ii) राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी) - मिशन कर्म योगी के लिए ऋण के रूप में विश्व बैंक की 47.0 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तकनीकी सहायता के संदर्भ में, डीईए के सक्षम प्राधिकारी अर्थात अपर सचिव (एमबीसी) ने 22.07.2022 को ऋण करार और अन्य कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए।

(iii) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने जुलाई 2022 के दौरान 09 संगठन विशिष्ट कार्यक्रम, 10 कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 04 सीएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम और 03 सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 805 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

II. चयन और नियुक्तियां

i. लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला, पीवीएसएम, वाईएसएम, एसएम (सेवानिवृत्त) की सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग के रूप में दिनांक 18.07.2022 के पूर्वाह्न से छह वर्षों अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने, जो भी पहले हो, तक नियुक्ति को अधिसूचना सं. 39019/04/2020-स्था.(ख) (भाग-2), दिनांक 22.07.2022 द्वारा अधिसूचित किया गया।

ii. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक के 03 (तीन) पदों और सीएमडी के 01 (एक) पद के लिए विज्ञापन जारी किए। सीएमडी के पद के लिए 01 (एक) चयन बैठक आयोजित की गई और निदेशक/सदस्य के पद के लिए 10 (दस) चयन बैठकें आयोजित की गईं।

iii. आंध्रा बैंक के पूर्व एमडी और सीईओ श्री सुरेश एन. पटेल को दिनांक 21.07.2022 के नियुक्ति वारंट के माध्यम से केंद्रीय सतर्कता आयोग में केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।

iv. श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, आईएएस (एएम:1988) और श्री अरविंद कुमार, आईएएस (एएम:1984) को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।

v. ईओ प्रभाग के दिनांक 30.06.2022 के पत्र संख्या 6/15/2022-ईपी (एसएम.II) के माध्यम से सूचित मंत्रिमण्डल नियुक्ति समिति (एसीसी) के अनुमोदन के परिणामस्वरूप श्री अभिषेक सिंह, आईएएस (एनएल: 1995), सीईओ, एनईजीडी को, कर्मयोगी भारत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जो कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से, नियमित पदाधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने अथवा अगले ओदशों तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा।

III. विशेष अभियान

जुलाई, 2022 में 697 के बैकलॉग सहित 1220 लोक शिकायतों में से 522 लोक शिकायतों का निवारण किया गया। रिकॉर्ड प्रबंधन के एक भाग के रूप में 370 फाइलों की समीक्षा की गई तथा 166 फाइलों का निस्तारण किया गया और 05 अंतर-मंत्रालयी मंत्रिमंडल संदर्भों का निपटान किया गया।

IV. सतर्कता मामले

क. भारतीय प्रशासनिक सेवा के 05 (पांच) अधिकारियों की जे एस पैनलीकरण के लिए सतर्कता निकासी जारी की गई।

ख. भारतीय प्रशासनिक सेवा के 30 (तीस) अधिकारियों की सतर्कता निकासी विभिन्न उद्देश्यों यथा अंतर-संवर्ग प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, इत्यादि के लिए जारी की गई।

V. कल्याण मामले

क. दिनांक 20.07.2022 के कार्यालय ज्ञापन सं. 11013/9/2014-स्थापना ए.।।। के माध्यम से कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव – नोवेल कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए निवारक उपाय के रूप में केन्द्र सरकार के सभी कर्मचारियों को नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं।

ख. 28 और 29 जुलाई, 2022 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी तरणताल, नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालय तैराकी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों से कुल 13 दलों और 73 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

ग. 19 और 20 जुलाई, 2022 को एक विशेष अभियान ''कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव'' के तहत भारत सरकार द्वारा कोविड टीकाकरण के लिए दो कैम्पों का आयोजन किया गया जिसमें 429 कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों का टीकाकरण किया गया।